हिन्दुस्तान

# निवेश मित्र पोर्टल पर बैंकिंग शुल्क नहीं लगेगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी सरकार के निवेश मित्र पोर्टल से विभिन्न प्रकार की आनलाइन सेवाओं के लिए होने वाले भुगतान पर अब बैंकिंग लेनदेन शुल्क नहीं लगेगा। इन्वेस्ट यूपी की पहल पर स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा समेत कई बैंक इस तरह की सुविधा निवेशकों व नागरिकों को मुफ्त देने पर सहमत हो गए हैं।




लखनऊ में गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। इसमें एक्सिस बैंक, एसबीआई, पीएनबी, एयू बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ इन्वेस्ट यूपी के वित्त नियंत्रक, विश्वजीत राय औ मौजूद थे।

यूपी का निवेश मित्र पोर्टल देश का सबसे बड़ा पोर्टल माना जाता है। यह निवेश मित्र पोर्टल 42 विभागों की 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान कर रहा है, जो राज्य में व्यापार करने व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुगम बनाने में योगदान दे रहा है। अभिषेक प्रकाश ने कहा कि शीघ्र ही सभी बैंक निवेश मित्र पोर्टल बैंकिंग गेटवे लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लेंगे, जिससे निवेशकों और आवेदकों-नागरिकों के लिए सभी के लिए सुविधा होगी और लेन-देन निःशुल्क हो जाएंगे।

## आठ नए बैंक होंगे शामिल

वर्तमान में आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में सूचीबद्ध थे। अब कुल 11 बैंक पेमेंट गेटवे सुविधा देंगे जिनमे एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एयू बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक आदि शामिल है। निवेश मित्र पोर्टल पर जल्द ही 11 बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में शामिल होंगे।